पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल से मिला श्रीलंका जाने वाले उत्तर प्रदेश के पत्रकारों का प्रतिनिधिमण्डल</u>

लखनऊः 08 दिसम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में श्रीलंका जाने वाले पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने इंडियन फेडरेशन आॅफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष श्री हेमंत तिवारी के नेतृत्व में शिष्टाचारिक भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल में श्री गोलेश स्वामी, श्री दिनेश पाठक एवं श्री राजेश मिश्रा भी थे।

ज्ञातव्य हो कि कोलम्बों में 11 दिसम्बर, 2017 को श्रीलंका प्रेस एसोसिएशन के 62वें स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मेलन में प्रतिभाग करने हेतु भारत से वरिष्ठ पत्रकारों के 23 सदस्यीय दल को आमंत्रित किया गया है। श्रीलंका जाने वाले दल में उत्तर प्रदेश के 5 वरिष्ठ पत्रकार सम्मिलित हैं। भारतीय पत्रकार दल 10 दिसम्बर, 2017 को श्रीलंका के लिए रवाना होगा तथा 16 दिसम्बर, 2017 तक वहाँ रहेगा। भारतीय पत्रकार दल श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री मैथरिपाला सीरिसेना एवं प्रधानमंत्री श्री रानिल विक्रमसिंघे से भी मुलाकात करेगा। यह दल श्रीलंका भ्रमण के साथ वहाँ के मीडिया संस्थानों के कामकाज का भी अध्ययन करेगा।

राज्यपाल ने श्रीलंका जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रीलंका से भारत के पुराने संबंध हैं। पत्रकारों के दल के श्रीलंका जाने से एक नये सेतु का निर्माण होगा। बाबा साहब भीमराब आंबेडकर को दीक्षा देने वाले बौद्ध धर्मगुरूओं में से एक धर्मगुरू भदन्त प्रज्ञानन्द 13 वर्ष की उम्र में श्रीलंका से भारत आये थे। श्रीलंका की अशोक वाटिका से भारत के लोगों का विशेष लगाव है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के आयोजन से भारत और श्रीलंका के आपसी संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ेगा। उन्होंने प्रतिनिधिमण्डल को श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री मैथरिपाला सीरिसेना को भेंट करने के लिए अपनी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' की स्वहस्ताक्षरित अंग्रेजी प्रति दी।

अंजुम/ललित/राजभवन (453/12)

के राज्यपाल
25-05-1993 - 03-05-1996
03-05-1996 - 19-07-1996
19-07-1996 - 17-03-1998
17-03-1998 - 19-04-1998
20-04-1998 - 23-11-2000
24-11-2000 - 03-07-2004
03-07-2004 - 08-07-2004
08-07-2004 - 27-07-2009
28-07-2009 - 23-06-2014
23-06-2014 - 22-07-2014
22-07-2014 - वर्तमान मे